# अंग्रेजी के लेखक और विद्वान रस्किन बॉन्ड को साहित्य अकादेमी की महत्तर सदस्यता

नई दिल्ली, लोकसत्य



अंग्रेजी के लेखक और विद्वान रस्किन बॉन्ड को साहित्य अकादेमी का सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता प्रदान किया गया है। इस मौके पर साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव के श्रीनिवास राव ने यह सम्मान उनके मसूरी स्थित आवास पर दिया। बताया गया कि रस्किन बॉन्ड बीते 50 सालों से लेखन की दुनिया में सक्रिय हैं और उन्होंने साहित्य की विभिन्न विधाओं में लिखा है।

15 मई 1934 को कसौली हिमाचल प्रदेश में जन्मे रस्किन बॉन्ड ने आरंभिक कथा कृतियों में कहानी संग्रह तथा उपन्यास के साथ-साथ बाल पुस्तकों की रचना भी की है। उनकी प्रसिद्ध कृतियों में टू मच टबल, वैग्रन्ट्स इन द वैली, वन्स अपॉन ए मानसून, ऑल रोड्स लीड टू गंगा सहित अन्य कृतियां शामिल हैं। बताया गया कि वर्ष 2011 में विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित फिल्म सात खून माफ में एक छोटी भूमिका की थी जो उनकी कहानी सुसन्नाज सेवर हसबैंड पर आधारित है।

रस्किन बॉन्ड के कहानी संग्रह आवर टीज स्टिल ग्रो इन देहरा के लिए वर्ष 1992 में साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999 में पद्म भूषण साहित्य अकादेमी द्वारा बाल साहित्य पुरस्कार 2012 में भी सम्मानित किया गया है।